दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 06.02.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 06.02.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर एवं दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में **पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह** के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा वीरांगना परिधान प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आशी सिंह, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर प्रद्युम्न दूबे, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर रीतिका वर्मा, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं। **निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर आशी सिंह, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर प्रद्युम्न दूबे एवं आयुषी शाही, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर कुमारी वर्षा, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनुश्री साहनी, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर सौम्या सोनकर, गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर मुस्कान मद्धेशिया दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं। **वीरांगना परिधान प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर रीतिका शुक्ला, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर, द्वितीय स्थान पर प्रांजलि प्रिया, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर आराध्या पटवा, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं।

कार्यक्रम की **अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अन्दर निहित प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करता है। पं0 दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद का संदेश आज भी प्रासंगिक है। हमें जीवन में उससे प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करना चाहिए। मानव जीवन के चार पुरूषार्थों के क्रियान्यवन में धर्म मूलक साधनों के प्रयोग द्वारा ही धनोपार्जन की बात बतायी गयी है जो भारतीय संस्कृति का मानक प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम के **संयोजक डॉ. त्रिभुवन मिश्रा** ने सभी प्रतिभागियों, उपस्थित शिक्षकों व कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर रहे सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय पूरे गोरखपुर जनपद का नोडल केन्द्र था, इस दायित्व का निर्वहन सभी के सहयोग से ही सम्पन्न हुआ। जनपद स्तर पर सभी चयनित प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे जिस हेतु उन सभी के प्रति शुभकामनाएं दी।

उक्त **कार्यक्रम में प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. निधि राय, डॉ. इन्द्रेश कुमार, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय, डॉ. धीरज सिंह, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. समृद्धि सिंह, डॉ. जागृति विश्वकर्मा, डॉ. सुजीत शर्मा डॉ. सरिता त्रिपाठी, डॉ. सीमा श्रीवास्तव** सहित महाविद्यालय शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी
सूचना एवं जनसम्पर्क